दैनिक

# भारतेन्दु शिखर

वर्ष : 25 | अंक : 292 | शिमला | शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 | मूल्य : 1.50 रुपए




हमीरपुर : युवा कांग्रेस हमीरपुर ने महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ गांधी चौक हमीरपुर में जमकर प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक संधू की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्र सरकार मुर्दाबाद और भाजपा सरकार मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए।

## छपते-छपते

### मुख्यमंत्री पांगी में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे

**शिमला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू 15 अप्रैल, 2025 को चंबा जिले के पांगी में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल कांगड़ा के धर्मशाला में, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना में, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सोलन में, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी लाहौल-स्पीति के केलांग में, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सिरमौर के नाहन में, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिमला में, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू में, नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस बाली हमीरपुर में तथा हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार बिलासपुर में जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर जिला चंबा के पांगी में मुख्यमंत्री के साथ रहेंगे।

### 724 में 89 युवकों ने पास किया ग्राऊंड

**शिमला :** शिमला के पुलिस लाइन भराड़ी में चल रही पुलिस भर्ती के दौरान गुरुवार को 1500 मीटर रेस, 100 मीटर की दौड़ में सैकड़ों युवाओं की सांसे फूल गई। पुलिस भर्ती में 724 में से 89 युवक ही पुलिस भर्ती का ग्राऊंड टेस्ट पास कर पाए। गुरुवार को पुलिस भर्ती में 1231 युवाओं की भराड़ी में भर्ती होनी थी, लेकिन 724 युवक ही पुलिस भर्ती के ग्राऊंड टेस्ट में भाग लेने के लिए पहुंचे। पुलिस भर्ती में गुरुवार को 1500 मीटर रेस, 100 मीटर की दौड़ और हाई जंप में सैकड़ों युवक फेल हो गए। सबसे ज्यादा 258 युवक हाई जंप, 100 मीटर की दौड़ में 198 युवक, लॉग जंप में चार, हाईट पूरी न होने पर 25 युवक और 1500 मीटर की दौड़ में 146 उम्मीदवार ग्राऊंट टेस्ट से बाहर हुए।

# भव्य शोभायात्रा से होगा कालेश्वर मेले का आगाज

## ▶ एसडीएम देहरा बोलीं, कल से 14 अप्रैल तक होगा राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का आयोजन

भारतेन्दु संवाददाता



**शिमला :** गरली के निकट स्थित प्रसिद्ध तपोभूमि कालेश्वर महादेव में इस वर्ष 12 से 14 अप्रैल तक राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए हिमाचल प्रदेश के कई नामी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मेला कमेटी द्वारा इन कलाकारों के नाम फाइनल कर दिए गए हैं, जो अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मेले को यादगार बनाएंगे। मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि मेला 12 अप्रैल को प्रातः 11 बजे एक भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं पहाड़ी, पंजाबी, गिद्दा तथा अन्य लोक प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक रंग बिखेरेंगे। उसी दिन यानी 12 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। साथ ही प्रदेश की प्रसिद्ध लोक गायिका वर्षा कटोच भी अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों के दिल जीतेंगी। 13 अप्रैल को होने वाली दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अपनी गायकी के दम पर समूचे देश भर में अपनी अलग पहचान बना चुके कुमार साहिल सहित कई नामी कलाकार अपनी गायकी का जादू बिखेरेंगे। इनके अलावा ढलियारा कालेज के बैंड बाधन के प्रमुख बलविंद्र सिंह और विभिन्न महिला मंडलों की नारी शक्ति भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी, जिससे मेले की रौनक और बढ़ेगी। 14 अप्रैल को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहाड़ी लोकगायन शैली में पहचान बना चुके कई गायको बुलाया जा रहा है।

इसके अलावा क्षेत्र के अन्य उभरते हुए कलाकार भी मंच साझा करेंगेए जिन्हें मेला कमेटी द्वारा मंच देने का निर्णय लिया गया है ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय बैसाखी मेले को और भी भव्य व व्यवस्थित बनाने के लिए मेला कमेटी ने कई आवश्यक प्रबंध किए हैं। स्थानीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से हिमाचली लोक कलाकारों को मंच प्रदान किया गया है। यह राज्य स्तरीय मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि हिमाचली संस्कृति, संगीत और परंपराओं को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा, जिससे स्थानीय जनता व पर्यटक इस आयोजन का भरपूर आनंद उठा सकें।

# बैंक में कार्यरत महिला कर्मी ने की आत्महत्या

**नादौन :** थाना क्षेत्र नादौन के अंतर्गत सेरा गांव में एक महिला द्वारा अपने पति को बैंक में कार्यरत एक महिला के साथ किराए के कमरे में पाए जाने के बाद दोनों पक्षों में हुए विवाद के उपरांत बैंक में कार्यरत महिला कर्मी द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला थाने में दर्ज हुआ है। 32 वर्षीय मृतका शादीशुदा बताई जा रही है जोकि बड़सर उपमंडल के ननावां से ताल्लुक रखती है। यह सेरा गांव में स्थित स्टेट बैंक की शाखा में आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर कार्यरत थी और गांव में ही किराए का कमरा लेकर रहती थी। पता चला है कि वीरवार सुबह गांव के लोगों ने जब इस महिला कर्मी के कमरे के बाहर शोर सुना तो कुछ लोग मौका पर पहुंच गए। जहां मीना पत्नी अजय कुमार ने आरोप लगाया कि उसका पति अजय और यह महिला कर्मी एक साथ कमरे में पाए गए हैं। मीना के साथ उसके अन्य परिजन भी आए थे। जब विवाद बढ़ा तो पंचायत उप प्रधान पिरथी सिंह सहित संजीव कुमार व अन्य गणमान्य लोग भी मौके पर पहुंच गए जिनकी सूचना पर एसआई देवराज की अगुवाई में पुलिस टीम भी आ गई। बताते हैं कि उस महिल कर्मी और अजय ने माना कि वे दोनों रिलेशन में हैं। पुलिस ने सभी पक्षों को थाने बुला लिया जबकि महिला ने कहा कि वह अपने माता पिता के साथ ही आएगी क्योंकि वह आ रहे हैं।

जब सब लोग चले गए तो कुछ ही देर बाद इस ने कमरे में चुन्नी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पंचायत प्रधान राजीव कुमार सोनू तथा अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने अंदर से बंद कमरे को खुलवाया तो महिला का शव फंदे से लटक रहा था। बिस्तर पर सुसाइड नोट रखा था जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने तथा इसके लिए किसी को थी परेशान ना करने जिक्र किया है। मृतका के पिता धर्म चंद सहित अन्य परिजनों ने अजय की पत्नी तथा उसका साथ देने वालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया तथा उसपर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




## हिमाचल दिवस पर धर्मशाला के पुलिस मैदान में होगा जिला स्तरीय समारोह

**भारतेन्दु संवाददाता**

**धर्मशाला :** हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को धर्मशाला के पुलिस मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एडीएम राम प्रसाद ने आज यहां हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दी। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को प्रात: 10.30 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण किया जाएगा इसके उपरांत 11:02 बजे पुलिस मैदान में ध्वजारोहण तथा परेड का निरीक्षण और मार्च पास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिला वासियों को संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि परेड में पुलिस, होम गार्ड्स, एससीसी, एनएसएस तथा स्काउट व गाइडस के दल भाग लेंगे तथा 12 से 14 अप्रैल के मध्य पुलिस मैदान में सुबह 10 से 12 बजे तक परेड का पूर्वाभ्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों और सांस्कृतिक दलों द्वारा हिमाचली संस्कृति व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। एडीएम ने कहा कि हिमाचल दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## एसजेवीएन ने एटालिन एचईपी के लिए भूमि मुआवजे के रूप में 269.97 करोड़ रुपए जारी किए

**भारतेन्दु संवाददाता**

**शिमला :** अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत विकास में तीव्रता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसजेवीएन ने दिबांग घाटी में 3097 मेगावाट की एटालिन जल विद्युत परियोजना के लिए भूमि मुआवजे के रूप में 269.97 करोड़ रुपए जारी किए हैं।




अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में तवांग में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एसजेवीएन ने बताया कि भूमि मुआवजे की राशि दिनांक 26 मार्च, 2025 को डीसी एंड डीएलआरएसओ, दिबांग घाटी के संयुक्त खाते में जमा कर दी गई है।

समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री, चोवना मेन, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, मनीष कुमार गुप्ता, आयुक्त (विद्युत), सोनम चौम्बे, अरुणाचल प्रदेश सरकार के सलाहकार, एच.के. पालीवाल, सचिव (एलएम), अरुणाचल प्रदेश सरकार, ए.के. सिंह तथा राज्य सरकार और एसजेवीएन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की और परियोजना के सततशील विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक मंजूरियों में तीव्रता लाने हेतु राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, राज कुमार चौधरी ने कहा कि एसजेवीएन अरुणाचल प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मुआवजे की राशि को जारी करना राष्ट्र के संरचनात्मक ढांचे के विकास को सुनिश्चित करते हुए स्थानीय समुदायों के अधिकारों का सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एसजेवीएन ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ 3097 मेगावाट की एटालिन जलविद्युत परियोजना के साथ-साथ राज्य में कुल 5097 मेगावाट क्षमता की चार अन्य जलविद्युत परियोजनाओं के लिए दिनांक 12 अगस्त 2023 को समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए।

## भाजपा ने भारत की राजनीति में एक सिद्धांतवादी विचारधारा की शुरुआत की : नंदा

**भारतेन्दु संवाददाता**

**सोलन :** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने सोलन विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता अभियान को मुख्यवक्ता के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, जिला अध्यक्ष रतन पाल सिंह, प्रत्याशी राजेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि घर सूद, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, चंद्रकांत, मंडल ठाकुर, अक्षय भरमौरी उपस्थित रहें।



कर्ण नंदा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भाजपा का इतिहास एवं विकास यात्रा कोई आम विषय नहीं, बल्कि एक संघर्ष यात्रा है। वो भाजपा है जिसने भारत की राजनीति में एक सिद्धांतवादी विचारधारा की शुरुआत की अपने अडिक सिद्धांतों से दशकों की रीड विहीन राजनीति को बदला, इसलिए तो पूरा देश भाजपा के बारे में कहता है कि यह जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। सत्ता की आंच जब सिद्धांतों तक आने लगी तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता को ठोकर मार दी लेकिन सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया और 6 अप्रैल 1980 को पंचनिष्ठाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, वो दौर जब कांग्रेस पूरी ताकत के साथ विपक्ष पर प्रहार कर रही थी तब भाजपा के पास सिर्फ उसके सिद्धांत थे जो भाजपा को प्रेरणा और शक्ति प्रदान कर रहे थे।

राम मंदिर का निर्माण हो या कश्मीर से धारा 370 का खात्मा तीन तलाक का अंत हो या वक्फ संशोधन बिल सबका साथ सबका विकास के मार्ग पर चलते हुए भाजपा ने हमेशा अपने विज़न को स्पष्ट रखकर देश की नीतियां तैयार की ।

## विधायक केवल सिंह पठानिया का नॉर्वे में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन

**भारतेन्दु संवाददाता**

**शाहपुर :** यह हम सबके लिए अत्यंत गौरव की बात है कि



हिमाचल प्रदेश के शाहपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं उप मुख्य सचेतक, पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय रेफरी केवल सिंह पठानिया का चयन 17 से 24 मई 2025 तक नॉर्वे के ड्रामेन में आयोजित होने वाली विश्व क्लासिक एवं सुसज्जित बेंच प्रेस चैंपियनशिप में भारतीय पावरलिफ्टिंग टीम के प्रतिनिधि के रूप में हुआ है।

## आईपीएल : धर्मशाला में खिलाड़ियों और दर्शकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**भारतेन्दु संवाददाता**

**धर्मशाला :** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आगामी माह प्रस्तावित टाटा आईपीएल टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच के लिए खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

वीरवार को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि चार मई, आठ मई तथा 11 मई को टाटा आईपीएल टी-टवेंटी के तहत तीन मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मुरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

## 134 ठेकों में से 64 ठेकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी

**भारतेन्दु संवाददाता**

**मंडी :** जिला परिषद हॉल मंडी में 9 और 10 अप्रैल को यूनिटों के साथ नीलाम होने से रह गए 134 शराब के ठेकों में से 64 ठेकों को नीलाम करने के प्रक्रिया पूरी हो गई। 64 ठेके 25.58 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 30 प्रतिशत वृद्धि की वृद्धि के साथ 33.27 करोड़ रुपये में नीलाम हुए।

नीलामी प्रक्रिया में भ्यूली, थनेहड़ा, अस्पताल रोड़, रिवालसर(एल-2 और एल-14), रत्ती पुल, लोअर कोटली, साईगलु, तलयाहड़, गोखड़ा, नेरचौक, नेरचौक रत्ती रोड़, भंगरोटु(एल-2), भंगरोटु (एल-14), लूणापानी, रत्ती, गलमा, डडौर, मैरमसित-गलु, कलौहड़, कलौहड़ एनएच, कपाही, धनोटु, जरल, महादेव, नौलखा, अप्पर बैहली, कनैड, हटगढ़, करसोग, मेघली, बारल(एल-2), बारल(एल-14), सनारली, कुट्टी, बल्ह फिरनु कोटलू, पोखी, जोगिन्द्रनगर, दहोग, भराडु, तमलैड, डलवान, पटरीघाट, अप्पर भांबला, बतैल, खुडला, खनोट, मटियारा, प्लासी, रोपा कॉलोनी, सरकाघाट, टिहरा रोड चौक, जमसाई, परसदा, पपलोग, चंदैश, तांदी गलु, तलयाहड़, पध्यूं, भरजवाणु, सौण, पौंटा और नवाही के एल-2 और एल-14 ठेके नीलाम हुए।

नौलखा का एल-14 शराब का ठेका 278.78 प्रतिशत वृद्धि के साथ 47 लाख 25 हजार में बिका।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**भारतेन्दु संवाददाता**

**सोलन :** ज़िला आयुर्वेदिक चिकित्सालय सोलन में यहां विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने की। डॉ. प्रवीण शर्मा ने इस अवसर पर सभी होम्योपैथिक चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष विश्व होम्योपैथिक दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने सभी होम्योपैथिक चिकित्सक से आग्रह किया कि होम्योपैथी के आधारभूत सिद्धांतों को समझकर उपचार में उनका पालन सुनिश्चित बनाएं।

## विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत करें निपटारा : डीसी

**भारतेन्दु संवाददाता**

**धर्मशाला :** कांगड़ा जिला प्रशासन ने जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत मंजूरी के मामलों में सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं को गति देने के मकसद से सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की वीरवार को धर्मशाला में बैठक ली। बैठक में कांगड़ा जिले में विकास परियोजनाओं से जुड़े एफसीए और एफआरए मामले तथा अन्य विभागीय मंजूरी से संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति और प्रगति को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार गठित इस समिति का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि विकास परियोजनाओं को गति देने को लेकर वन स्वीकृति से संबंधित मामलों में विभागों में अच्छा तालमेल हो। वहीं अंतर विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्रों (एनओसी) को लेकर भी बेहतर समन्वय रहे। यह कदम विकास परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन में मदद करेगा और अंतत: जिले के समग्र विकास में योगदान देगा। बैठक में उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं को लेकर एफआरए और एफसीए के मंजूरी के मामलों में प्रगति की विभागवार रिपोर्ट ली।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में वृद्धि

**नई दिल्ली :** पीएम पोषण योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके अंतर्गत 10.36 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में बालवाटिका और कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत 11.20 करोड़ विद्यार्थियों को सभी विद्यालयी दिनों में एक बार गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य पोषण सहायता प्रदान करना और विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना है।

श्रम मंत्रालय का श्रम ब्यूरो, पीएम पोषण के लिए सीपीआई सूचकांक के अनुरूप उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - ग्रामीण मजदूर (सीपीआई-आरएल) के आधार पर पीएम पोषण के अंतर्गत इन वस्तुओं के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े प्रदान करता है और तदनुसार पीएम पोषण के लिए सीपीआई सूचकांक तैयार किया गया है।

सीपीआई-आरएल, श्रम ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा देश के 20 राज्यों में फैले 600 गांवों के नमूने से निरंतर मासिक मूल्य एकत्र करने के आधार पर जारी किया जाता है।

श्रम ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराए गए मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने सामग्री लागत में 9.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। ये नई दरें 01.05.2025 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। ये सामग्री लागत दरें न्यूनतम अनिवार्य दरें हैं।

## वैश्विक होम्योपैथी बिरादरी को गांधीनगर के विशाल सम्मेलन में साथ लाया

**नई दिल्ली :** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने गांधीनगर, गुजरात के महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र में विश्व होम्योपैथी दिवस 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मंत्रालय ने अपने शीर्ष शोध और शैक्षणिक संस्थानों - केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच) के माध्यम से किया था - जिसमें होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 270वीं जयंती मनाने के लिए होम्योपैथी में अग्रणी वैश्विक लोग एक साथ आए। इस भव्य समारोह का विषय था होम्योपैथी में शिक्षा, अभ्यास और अनुसंधान और इसमें भारत




और विदेश से 8,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें शिक्षाविद, चिकित्सक, शोधकर्ता, छात्र और उद्योग के पेशेवर शामिल थे। इस कार्यक्रम में पैनल चर्चाएँ, प्रदर्शनियाँ, वैज्ञानिक शोधपत्र प्रस्तुतियाँ और होम्योपैथी को वैश्विक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के अभिन्न अंग के रूप में आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श शामिल थे।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में गुजरात सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में भारत के नेतृत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, होम्योपैथी केवल एक विकल्प नहीं है - यह करुणा और प्रमाण में निहित एक विज्ञान है। इस विश्व होम्योपैथी दिवस पर, हम अनुसंधान, शिक्षा और सार्वजनिक पहुंच के माध्यम से इसके दायरे का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। उन्होंने होम्योपैथिक दवाओं के मानकीकरण और वनस्पति ज्ञान को संरक्षित करने में सीसीआरएच की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया, फार्माकोग्नोसी, फिजियोकेमिकल अध्ययनों और 17,000 हर्बेरियम शीट्स के डिजिटलीकरण में परिषद के काम का उल्लेख किया।

## कोयला खनिक राष्ट्र के असली ऊर्जा योद्धा हैं : जी. किशन रेड्डी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज छत्तीसगढ़ में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा खदान का दौरा किया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान के रूप में पहचानी जाने वाली गेवरा भारत की बढ़ती ऊर्जा शक्ति का प्रतीक है। मंत्री के दौरे ने फ्रंटलाइन श्रमिकों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और कोयला क्षेत्र में उत्पादकता और कल्याण दोनों को बढ़ाने पर इसके फोकस को रेखांकित किया।

गेवरा हाउस पहुंचने पर मंत्री को सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। खदान के व्यू प्वाइंट पर,



एसईसीएल के अधिकारियों ने प्रमुख उपलब्धियों और चल रहे विकास पर प्रकाश डालते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी। श्री रेड्डी ने महिला श्रमिकों सहित कोयला खनिकों को चौबीसों घंटे कोयला उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए उनके अटूट समर्पण के लिए सम्मानित किया - जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा का एक अनिवार्य स्तंभ है। खदान के मध्य में उतरकर मंत्री ने बड़े पैमाने पर खनन कार्य देखा, जिसमें 42-क्यूबिक-मीटर शॉवल और 240-टन डम्पर जैसे बड़े उपकरणों की तैनाती शामिल थी - जो दुनिया भर में इस्तेमाल की जाने वाली सबसे बड़ी हेवी अर्थ मूविंग मशीन में से एक है। उन्होंने ब्लास्ट-फ्री सरफेस माइनर तकनीक की भी समीक्षा की और फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी पहल के तहत विकसित आधुनिक साइलो का दौरा किया।

## नवकार महामंत्र दिवस महावीर उत्सलव

**नई दिल्ली :** भारत महावीर जयंती को श्रद्धापूर्वक मना रहा है। यह दिन गहन आध्यात्मिक महत्व और गहन शांति से जुड़ा हुआ है क्योंकि यह जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म का स्मरण करता है। यह त्यौहार से कहीं अधिक करुणा, संयम और सत्य के प्रति समर्पित जीवन के प्रति एक हार्दिक श्रद्धांजलि है। संघर्ष और अराजकता से घिरे इस संसार में, भगवान महावीर का अहिंसा, सत्य और आंतरिक जागृति का शाश्वत संदेश पहले से कहीं अधिक चमकता है। यह असंख्य मनुष्यों को अधिक सचेत और सामंजस्यपूर्ण जीवन की ओर ले जाता है।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लाभार्थियों को एबी पीएम-जेएवाई के आयुष्मान कार्ड का वितरण

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) का शुभारंभ करके स्वास्थ्य सेवा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, एनसीटी, दिल्ली सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की।

जे.पी. नड्डा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एबी पीएम-जेएवाई दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में 62 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, यह गर्व की बात है कि एबी पीएम-जेएवाई योजना से दिल्ली में 36 लाख लोग लाभान्वित होंगे।

नड्डा ने यह भी बताया कि दिल्ली में एबी पीएम-जेएवाई के कार्यान्वयन से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत आ जाएंगे।

## मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को कुचल रही है : अमित शाह

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को कुचल रही है।

प्लेटफॉर्म पर लिखे एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा, ड्रग-मुक्त भारत बनाने के हमारे विजन के अनुरूप हमारी एजेंसियों ने ड्रग कार्टेलों पर लगाम लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाए और असम में तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए 24.32 करोड़ रुपये की 30.4 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त कीं।

ड्रग्स के खिलाफ हमारा अभियान रूथलेस तरीके से जारी रहेगा। इस बड़ी सफलता के लिए एनसीबी असम पुलिस और सीआरपीएफ को बधाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप तथा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशों पर कार्य करते हुए एनसीबी ने असम में अंतर-राज्यीय सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हाल ही में, एनसीबी ने एक बड़ी सफलता में सिलचर में दो अलग-अलग अभियानों के दौरान 24.32 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 30.4 किलोग्राम मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त कीं, जिन्हें याबा के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही दो वाहन भी जब्त किए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता में वित्त वर्ष 2024-25 में ऐतिहासिक वृद्धि


**नई दिल्ली :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत प्रगति की रिपोर्ट दी है।

29.52 गीगावॉट की रिकॉर्ड वार्षिक क्षमता वृद्धि के साथ, देश में कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 31 मार्च 2025 तक 220.10 गीगावॉट तक पहुँच गई है, यह पिछले वित्त वर्ष में 198.75 गीगावॉट थी। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित पंचामृत लक्ष्यों के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के तहत वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर भारत की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

## भविष्य के लिए तैयार स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण एक रणनीतिक आवश्यकता है

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 अप्रैल, 2025 को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेस स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह के दौरान भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, सशस्त्र बलों को संयुक्त रूप से काम करना चाहिए और आज के लगातार विकसित हो रहे बहु-क्षेत्रीय वातावरण में भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए, जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध आदि पारंपरिक अभियानों की तरह ही शक्तिशाली हैं।

रक्षा मंत्री ने बताया कि आज की वैश्विक भू-राजनीति तीन



प्रमुख मानदंडों द्वारा पुनर्परिभाषित की जा रही है- राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में व्याप्त तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी।

उन्होंने अधिकारियों से रणनीतिक-सैन्य परिवर्तन मोड पर आगे रहने के लिए इन प्रवृत्तियों की बारीकियों का गहराई से अध्ययन करने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

राजनाथ सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई तकनीकें महत्वपूर्ण तरीकों से प्रतिरोध और युद्ध-लड़ाई में क्रांति ला रही हैं, उन्होंने युद्ध के मैदानों में तकनीकी नवाचार की शक्ति को विस्मयकारी बताया। उन्होंने कहा, यूक्रेन-रूस संघर्ष में, ड्रोन वस्तुत: एक नए हथियार के रूप में उभरे हैं, भले ही वे एक परिवर्तनकारी विज्ञान न हों।

# अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ रोका!



**नई दिल्ली :** अमेरिका ने इस साल 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर अतिरिक्त टैरिफ को स्थगित कर दिया है। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को (भारतीय समयानुसार) इस बात की घोषणा की। आपको बता दें, बीते 2 अप्रैल को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर सार्वभौमिक शुल्क और भारत जैसे देशों पर अतिरिक्त भारी शुल्क लगाया था। जिसे बाद में ट्रम्प ने 90 दिनों तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया। यह टैरिफ निलंबन हांगकांग और मकाऊ सहित चीन पर लागू नहीं है।

खबर के मुताबिक, व्हाइट हाउस की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि 10 अप्रैल, 2025 को पूर्वाह्न 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए गोदाम से लाए गए या वापस लिए गए माल के संबंध में कार्यकारी आदेश 14257 की धारा 3(ए) के दूसरे पैराग्राफ का प्रवर्तन 9 जुलाई, 2025 को पूर्वाह्न 12:01 बजे तक निलंबित रहेगा। 2 अप्रैल को जारी कार्यकारी आदेश की धारा 3(ए) के दूसरे पैराग्राफ में पारस्परिक शुल्कों के कार्यान्वयन का उल्लेख है। इसमें विभिन्न देशों के लिए शुल्कों की दरों को सूचीबद्ध करने वाला अनुलग्नक 1 शामिल है। हालांकि, देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क लागू रहेगा।

एक व्यापार विशेषज्ञ ने कहा कि स्टील, एल्युमीनियम (12 मार्च से प्रभावी), ऑटो और ऑटो घटकों (3 अप्रैल से) पर 25 प्रतिशत शुल्क भी जारी रहेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन यानी एफआईईओ के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स और कुछ ऊर्जा उत्पाद छूट कैटेगरी में हैं। पारस्परिक शुल्कों के 90-दिवसीय स्थगन पर टिप्पणी करते हुए, भारतीय निर्यातकों ने कहा कि अमेरिकी निर्णय ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने इस कदम को वापस ले लिया है। यह एक बड़ी राहत है क्योंकि यह भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण विंडो प्रदान करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### यूएस शेयर मार्केट में जबरदस्त गिरावट

**नई दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी प्रोडक्ट्स के आयात पर लगाए गए टैरिफ अब बढ़कर कम से कम 145 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। यह टैरिफ उस स्तर से कहीं अधिक है, जिसे कई अर्थशास्त्रियों ने अमेरिका-चीन व्यापार को तबाह करने वाला बताया था। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार रात ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा था कि वे चीनी सामानों पर टैरिफ को बढ़ाकर 125 फीसदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि इस टैरिफ का उद्देश्य अमेरिका के चीन के साथ व्यापार घाटे का मुकाबला करना और यूएस इंपोर्ट टैक्स का बदला लेने के लिए बीजिंग को दंडित करना दोनों है।

### भारत के लिए 2025 की जीडीपी ग्रोथ 6.1 प्रतिशत का अनुमान



**नई दिल्ली :** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज एनालिटिक्स ने गुरुवार को 2025 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर यानी जीडीपी ग्रोथ रेट के पूर्वानुमान को घटाकर 6. 1 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी ने ऐसा अमेरिका के बढ़ते पारस्परिक टैरिफ खतरों को ध्यान में रखते हुए किया है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, मूडीज एनालिटिक्स की %एपीएसी आउटलुक- यू.एस.वर्सस देम% शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि हमने भारत के जीडीपी विकास अनुमान को मार्च बेसलाइन के 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 2025 में 6.1 प्रतिशत कर दिया है।

### जेपी इन्फ्राटेक प्रोजेक्ट्स के घर खरीदारों ने लंबे विलंब के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** नोएडा में जेपी इंफ्राटेक की आवासीय परियोजनाओं के तहत इकाइयों के निर्माण में अत्यधिक देरी के खिलाफ सैकड़ों घर खरीदारों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। यह लंबे समय से विलंबित आवासीय परियोजनाओं को लेकर संबंधित घर खरीदारों और प्रबंधन के बीच ताजा गतिरोध है, जिन्हें 2010-11 में लॉन्च किया गया था और इकाइयों को 2014-15 तक वितरित किया जाना था। पीटीआई की खबर के मुताबिक, नोएडा (उत्तर प्रदेश) के सेक्टर 128 में जेपी इंफ्राटेक के कार्यालय के पास आक्रोशित घर खरीदारों ने प्रदर्शन किया, नारे लगाए और बैरिकेड्स तोड़ दिए, जिसके परिणामस्वरूप भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

### फिर से टूट गया अमेरिकी शेयर बाजार, नैसडैक 3 प्रतिशत डाउन



**नई दिल्ली :** अमेरिकी शेयर बाजार में फिर से बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। गुरुवार को यूएस मार्केट लाल निशान पर खुला है। शुरुआती कारोबार में एसएंडपी-500 3 फीसदी डाउन था। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 2.4 फीसदी डाउन दिखा। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट में 3.7 फीसदी की भारी गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा स्मॉल कैप 2000 सूचकांक 3.18 फीसदी की गिरावट के साथ ट्रेड करता दिखाई दिया। उधर ऑयल मार्केट में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। वहीं, सोने के दाम बढ़ गए हैं।

## भारत के पास वैश्विक स्तर पर एक्सपोर्ट बढ़ाने का है सुनहरा मौका

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के चलते भारत के पास वैश्विक स्तर पर अपना निर्यात बढ़ाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने का प्रयास कर रही है, ताकि भारत निर्यात बाजार में चीन जैसे देशों को कड़ी टक्कर दे सके।

इंदौर के पास पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 1,200 करोड़ रुपये की मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, आज दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह आप जानते हैं। अब अमेरिका ने जिस तरह के टैरिफ लगाए हैं, उससे आने वाले समय में दुनियाभर के देशों में अपना निर्यात बढ़ाने के हमारे सामने कई अवसर भी हैं।

## ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के तत्काल सर्वेक्षण का सीएम ने दिया आदेश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अधिकारियों को हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तत्काल सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है।

पीटीआई की खबर के मुताबिक, बुधवार देर रात शुरू हुए इस सर्वेक्षण का मकसद प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाना है। सीएम आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और विस्तृत सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है, जिसके परिणाम 24 घंटे के भीतर संबंधित विभाग को सौंपे जाने चाहिए।

खबर के मुताबिक, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुआवजा प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश 9 अप्रैल की रात को अचानक मौसम खराब होने के बाद आया, जिसके कारण राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में तूफान, ओलावृष्टि और बिजली गिरी।

## दुनिया के प्लास्टिक कचरे में भारत का हिस्सा सिर्फ 3.54 प्रतिशत

**नई दिल्ली :** एक नए रिसर्च पेपर के अनुसार, साल 2022 में दुनिया में लगभग 26.8 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ, जिसमें भारत का योगदान केवल 3.54 प्रतिशत था। नेचर मैगजीन में पब्लिश यह विश्लेषण बताता है कि इसी वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हुआ, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत रही। प्लास्टिक उत्पादन में चीन का सबसे बड़ा योगदान (32 प्रतिशत) रहा, जिसके बाद अमेरिका (42 प्रतिशत) का स्थान है। प्लास्टिक उपभोग के मामले में चीन ग्लोबल सप्लाई का 20 प्रतिशत उपयोग करके सबसे आगे है। इसके बाद अमेरिका (18 प्रतिशत), यूरोपीय यूनियन (16 प्रतिशत), भारत (छह प्रतिशत) और जापान (चार प्रतिशत) का स्थान आता है। रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक खपत के आंकड़े भी दिए गए हैं, जिसके अनुसार 2022 में अमेरिका में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति खपत 216 किलोग्राम थी।




## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल का एक और मैच हारी

**नई दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल का एक और मैच हार गई है। टीम ने जब बल्लेबाजी शुरू की तो काफी तूफानी शुरुआत मिली, लेकिन अचानक से मैच ने पलटा खाया और आरसीबी मुकाबले में काफी पीछे रह गई। आरसीबी की इस साल के आईपीएल में ये दूसरी हार है, ये हार काफी भारी पड़ सकती है।



आरसीबी बनाम दिल्ली कैपिटल्स के मैच में जब विराट कोहली और फिल साल्ट ओपनिंग के लिए आए तो टीम ने जोरदार शुरुआत की। खास तौर पर फिल साल्ट तो ऐसा लग रहा था कि हर बॉल पर चौका और छक्का लगाने के लिए ही मैदान में आए हैं। चार ओवर में टीम का स्कोर 61 रन तक जा पहुंचा था, तभी इसी स्कोर पर कोहली और साल्ट के बीच कुछ गलतफहमी हुई और साल्ट को रन आउट होकर वापस जाना पड़ा। इसके बाद तीसरे नंबर पर देवदत्त पडिक्कल कोहली का साथ देने के लिए आए। लेकिन अभी टीम के खाते में केवल 3 ही रन और जुड़ पाए थे कि तभी देवदत्त पडिक्कल भी आउट होकर चले गए।

देवदत्त पडिक्कल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में आए थे, लेकिन वे कोई इम्पैक्ट नहीं छोड़ पाए, बल्कि अपनी टीम की हार के कारण भी बन गए। उन्होंने आठ बॉल पर केवल एक ही रन बनाया।

# दिल्ली कैपिटल्स का अजेय अभियान जारी, अब प्लेऑफ के बहुत करीब

**नई दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल का एक और मैच अपने नाम कर लिया है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली अब अकेली ऐसी टीम हैं, जो इस साल के आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। लगातार चार मैच जीतकर टीम अब प्लेऑफ के भी काफी करीब पहुंच चुकी है। बस यहां से गाड़ी पटरी से ना उतरे तो उनका टॉप 4 में पहुंचने का सपना जरूर साकार होगा। इस बीच अगर अंक तालिका की बात की जाए तो टीम अभी भी दूसरे नंबर पर है। गुजरात टाइटंस इस वक्त टॉप पर चल रही है। आरसीबी बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच के बाद अगर अंक तालिका पर नजर डालें तो शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस की टीम चार मैच और आठ अंक लेकर इस वक्त टॉप पर चल रही है।



टीम का नेट रन रेट भी काफी बेहतर है। अब दिल्ली कैपिटल्स ने भी अपने चार में से चार मैच जीत लिए हैं और आठ अंक अर्जित कर लिए हैं, लेकिन वो जीटी से नेट रन रेट में थोड़ा सा पीछे रह गई है। यानी टीम अब दूसरे नंबर पर है। दिल्ली की टीम अब यहां से अगर चार और मैच अपने नाम कर लेती है तो फिर टीम प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर लेगी। इस बीच आरसीबी को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन इसके बाद भी उसकी तीसरे नंबर की कुर्सी बरकरार है। टीम ने पांच में से तीन मैच जीते हैं और उसके पास छह अंक हैं। वहीं उसे अब दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। आरसीबी के अलावा पंजाब किंग्स और एलएसजी के भी छह अंक हैं। लेकिन इनका नेट रन रेट थोड़ा नीचे है। पंजाब किंग्स की टीम इस वक्त नंबर चार और एलएसजी नंबर 5 पर है। इस बीच केकेआर और राजस्थान रॉयल्स की चार चार अंक लेकर छठे और सातवें स्थान पर हैं। वहीं बात अगर बाकी तीन टीमों की करें तो उनकी दशा खराब है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स की टीमें अपने पांच में से केवल एक ही मैच जीत पाई हैं। टीमों के लिए आने वाले मैचों में संकट और भी बढ़ सकता है।

## आरसीबी के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स ने 6 विकेट से पाई विजय

**नई दिल्ली :** अक्षर पटेल की कप्तानी में आईपीएल 2025 के सीजन में खेल रही दिल्ली कैपिटल्स का अजेय अभियान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के खिलाफ मुकाबले में भी देखने को मिला। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आरसीबी के खिलाफ मैच को दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 विकेट से अपने नाम करने में कामयाब रही जिसमें केएल राहुल के बल्ले से मैच विनिंग अर्धशतकीय पारी देखने को मिली, जिसमें उन्हें ट्रिस्टन स्टब्स का भी बखूबी साथ मिला। इस मैच में आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 163 रनों का स्कोर बनाया था, जिसका पीछा दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 17.5 ओवर्स में कर लिया।



दिल्ली कैपिटल्स की टीम 164 रनों के टारगेट का पीछा करने जब उतरी तो उसकी शुरुआत बिल्कुल भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही जिसमें उन्होंने 10 के स्कोर तक अपने दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे, वहीं इसके बाद 30 के स्कोर पर अभिषेक पोरेल और उसके बाद 58 के स्कोर पर चौथा झटका कप्तान अक्षर पटेल के रूप में लगा। यहां से केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने मिलकर पहले दिल्ली कैपिटल्स की पारी को संभाला और उसके बाद तेज से रन बनाने का सिलसिला शुरू किया। केएल राहुल इस दौरान अधिक आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दिए जिसमें दोनों के बीच 100 से अधिक रनों की हुई साझेदारी ने दिल्ली को इस मुकाबले में आसान जीत दिलाने का काम किया।

केएल राहुल के बल्ले से 53 गेंदों में नाबाद 93 रनों की पारी देखने को मिली, जिसमें उन्होंने 7 चौके और 6 छक्के लगाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने राहुल का बखूबी दूसरे छोर से साथ दिया और 23 गेंदों में 4 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 38 रनों की पारी खेली। आरसीबी के लिए गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने 2 जबकि यश दयाल और सुयश शर्मा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## एमएस धोनी फिर से करेंगे चेन्नई की कप्तानी

**नई दिल्ली :** एमएस धोनी एक बार फिर से आईपीएल में कप्तानी



करते हुए नजर आएंगे। साल 2023 में चेन्नई ने धोनी की कप्तानी में ही आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से लगातार एमएस धोनी आईपीएल में खेल तो रहे हैं, लेकिन बतौर खिलाड़ी ही दिख रहे हैं। लेकिन अब आईपीएल के बचे हुए मैचों में इस साल एमएस धोनी फिर से टीम की कमान संभालेंगे। इस बीच खबर आई है कि रुतुराज गायकवाड पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बताया जाता है कि उनकी कोहनी में फ्रेक्चर हुआ है। ये अपन अपने में एक बड़ा घटनाक्रम हैं।

## मिचेल स्टार्क की इतनी हुई धुनाई कि याद आए पुराने दिन

**मुंबई :** आरसीबी बनाम दिल्ली कैपिटल्स के मैच में मिचेल स्टार्क की एक ओवर में इतनी धुनाई हुई कि पुराने दिन याद आ गए। मिचेल स्टार्क दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं। उनके एक ओवर में इतने रन कभी कभार ही गए हैं। उनका ये हाल किसी और ने नहीं, बल्कि फिल साल्ट ने किया। मुकाबला बेंगलुरु के स्टेडियम में है, जो पहले से ही खूब रनों के लिए जाना जाता है। आरसीबी को इसी एक ओवर की बदौलत तूफानी शुरुआत मिली, जो बाद में धीमी पड़ गई। आईपीएल में गुरुवार को आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला हुआ। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आरसीबी की ओर से पारी का आगाज करने के लिए फिल साल्ट और विराट कोहली आए। अक्षर पटेल ने पहला ओवर मिचेल स्टार्क को थमा दिया। इस ओवर में तो ज्यादा रन नहीं आए। स्टार्क केवल सात रन देकर निकल गए। लेकिन जब स्टार्क दूसरा ओवर लेकर आए तो फिल साल्ट ने सारी हवा निकाल दी। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कुल 30 रन आए। इसमें नो बॉल और फ्री हिट के रन भी रन शामिल रहे। इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने इससे ज्यादा रन केवल एक ही बार खाए हैं। साल 2024 के आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस मुकाबले में दिल्ली की ओर से खेल रहे एनरिख नोर्खिया के ओवर में 32 रन खाए थे।



अपने युग को हीन समझना आत्महीनता होगी।

*– मैथिलीशरण गुप्त*

## भारत में भी इसी मॉडल को अपनाया गया

हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा द्वारा विश्वविद्यालयों से संबंधित पारित किए गए उन विधेयकों को मंजूर माने, जो राज्यपाल द्वारा लंबे समय से रोके गए थे। इन विधेयकों के पारित होने के बाद, राज्य सरकार को तमिलनाडु के विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति का अधिकार मिल गया। पहले, यह अधिकार राज्यपाल के पास था, जो विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी होते थे। इन विधेयकों का मुख्य उद्देश्य इस अधिकार को राज्य सरकार को हस्तांतरित करना है, जिससे उच्च शिक्षा के संस्थानों पर राज्य सरकार का अधिक नियंत्रण स्थापित हो सके।

भारत में आधुनिक विश्वविद्यालय प्रणाली ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान स्थापित हुई। ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में चांसलर एक औपचारिक प्रमुख होता था, और कुलपति (वाइस-चांसलर) वास्तविक कार्यकारी प्रमुख होता था। भारत में भी इसी मॉडल को अपनाया गया, जिसमें राज्यपालों को अक्सर विश्वविद्यालयों का चांसलर नियुक्त किया गया। इसका एक कारण यह भी था कि राज्यपाल क्राउन के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते थे और शिक्षा को गैर-राजनीतिक बनाए रखने की अपेक्षा की जाती थी।

माना जाता था कि राज्यपाल, जो एक संवैधानिक पद पर होते हैं और आमतौर पर सक्रिय राजनीति से दूर रहते हैं, कुलपतियों की नियुक्ति में अधिक निष्पक्ष और गैर-राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाएंगे। इससे योग्य और प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की नियुक्ति सुनिश्चित की जा सकेगी और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बनी रहेगी।

केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय- कुछ मामलों में, खासकर केंद्रीय विश्वविद्यालयों में, कुलाधिपति की भूमिका केंद्र सरकार और विश्वविद्यालयों के बीच एक समन्वयकारी कड़ी के रूप में भी देखी जाती थी। समय के साथ, इन व्यवस्थाओं में बदलाव आए और कई राज्यों ने महसूस किया कि राज्यपालों द्वारा कुलपतियों की नियुक्ति में राजनीतिक प्रभाव आ सकता है या यह राज्य सरकारों के अधिकारों का अतिक्रमण है।

सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से तमिलनाडु सरकार को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार मिल गया है। जबकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी किए गए कुलपतियों की नियुक्ति के नए दिशा-निर्देशों के मद्देनजर इससे नई बहस शुरू हो गई है।

# आषाढ़ अमावस्याः करें विष्णु भगवान का पूजन

**शनि अमावस्या के दिन भगवान सूर्य देव के पुत्र शनि देव की आराधना करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। किसी माह के जिस शनिवार को अमावस्या पड़ती है, उसी दिन 'शनि अमावस्या' मनाई जाती है। यह पितृकार्येषु अमावस्या और शनिश्चरी अमावस्या के रूप में भी जानी जाती है। कालसर्प योग, ढैय्या तथा साढ़ेसाती सहित शनि संबंधी अनेक बाधाओं से मुक्ति पाने के लिए शनि अमावस्या एक दुर्लभ दिन व महत्त्वपूर्ण समय होता है। पौराणिक धर्म ग्रंथों और हिंदू मान्यताओं में शनि अमावस्या की काफी महत्ता बतलाई गई है। इस दिन व्रत, उपवास और दान आदि करने का बड़ा पुण्य मिलता है। इस बार अमावस्या पांच जुलाई शुक्रवार को है, इसे आषाढ़ अमावस्या कहा गया है। इस अवसर पर विष्णु भगवान की पूजा का विधान है...**



### भाग्य विधाता शनि देव

भगवान सूर्य देव के पुत्र शनि देव का नाम सुनकर लोग सहम से जाते हैं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। यह सही है कि शनि देव की गिनती अशुभ ग्रहों में होती है, लेकिन शनि देव मनुष्यों के कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं। भगवान शनि देव भाग्य विधाता हैं। यदि निश्छल भाव से शनि देव का नाम लिया जाए तो व्यक्ति के सभी कष्ट और दुख दूर हो जाते हैं।

### पितृदोष से मुक्ति

हिंदू धर्म में अमावस्या का विशेष महत्त्व है और अमावस्या यदि शनिवार के दिन पड़े तो इसका महत्त्व और भी अधिक बढ़ जाता है। शनि देव को अमावस्या अधिक प्रिय है। उनकी कृपा का पात्र बनने के लिए शनिश्चरी अमावस्या को सभी को विधिवत आराधना करनी चाहिए। भविष्यपुराण के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या शनि देव को अधिक प्रिय रहती है। शनैश्चरी अमावस्या के दिन पितरों का श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। जिन व्यक्तियों की कुंडली में पितृदोष या जो भी कोई पितृ दोष की पीड़ा को भोग रहे होते हैं, उन्हें इस दिन दान इत्यादि विशेष कर्म करने चाहिए। यदि पितरों का प्रकोप न हो तो भी इस दिन किया गया श्राद्ध आने वाले समय में मनुष्य को हर क्षेत्र में सफलता प्रदान करता है, क्योंकि शनि देव की अनुकंपा से पितरों का उद्धार बड़ी सहजता से हो जाता है।

### पूजन विधि

शनि अमावस्या के दिन पवित्र नदी के जल से या नदी में स्नान कर शनि देव का आवाहन और दर्शन करना चाहिए। शनि देव को नीले रंग के पुष्प, बिल्व वृक्ष के बिल्व पत्र, अक्षत अर्पण करें। भगवान शनि देव को प्रसन्न करने हेतु शनि मंत्र का जाप करना चाहिए। इस दिन सरसों के तेल, उड़द की दाल, काले तिल, कुलथी, गुड़, शनि यंत्र और शनि संबंधी समस्त पूजन सामग्री को शनि देव पर अर्पित करना चाहिए और शनि देव का तैलाभिषेक करना चाहिए। शनि अमावस्या के दिन शनि चालीसा, हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ अवश्य करना चाहिए। जिनकी कुंडली या राशि पर शनि की साढ़ेसाती व ढैया का प्रभाव हो, उन्हें शनि अमावस्या के दिन पर शनि देव का विधिवत पूजन करना चाहिए।

### विभिन्न अमावस्याएं और पर्व

भाद्रपद अमावस्या के दिन पोला मनाया जाता है। कार्तिक अमावस्या के दिन दीपावली पर्व मनाया जाता है। शनिवार के दिन आने वाली अमावस्या को शनिश्चरी अमावस्या कहते हैं। हिन्दू पञ्चांग में अमावस्या का दिन वो दिन होता है जिस दिन चंद्रमा को नहीं देखा जा सकता है। चंद्रमा 28 दिनों में पृथ्वी का एक चक्कर पूर्ण करता है। 15 दिनों के चंद्रमा पृथ्वी की दूसरी ओर होता है और भारतवर्ष से उसको नहीं देखा जा सकता है। वहीं जिस दिन, जब चंद्रमा पूर्ण रूप से भारतवर्ष में नहीं देखा जा सकता है, उसे अमावस्या का दिन कहा जाता है। अमावस्या को हिन्दू शास्त्रों में काफी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और इसके अनुसार अमावस्या को पित्रों अर्थात गुजर गए पूर्वजों का दिन भी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अमावस्या के दिन स्नान कर प्रभु का ध्यान करना चाहिए, बुरे व्यसनों से दूर रहना चाहिए और हो सके तो गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को भोजन कराना चाहिए। जैसा कि पहले बताया गया है, अमावस्या को पित्रों का दिन कहा गया है, तो इस दिन किसी को भोजन कराने से हम एक तरह से अपने पित्रों को भोजन अर्पित कर रहे हैं। ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

11 aprilt Page No -7.qxd 4/11/2025 6:33 PM Page 1



# मणिकर्णिका घाट वाराणसी स्नान का है विशेष महत्त्व

मणिकर्णिका घाट वाराणसी में स्थित गंगा नदी का एक घाट है। इस घाट का निर्माण महाराजा इंदौर ने करवाया है। पौराणिक मान्यताओं से जुड़े मणिकर्णिका घाट का धर्मप्राण जनता में मरणोपरांत अंतिम संस्कार के लिहाज से अत्यधिक महत्व है। इस घाट की गणना काशी के पंचतीर्थों में की जाती है। मणिकर्णिका घाट पर स्थित भवनों का निर्माण पेशवा बाजीराव तथा अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था।

वाराणसी (काशी) में गंगा तट पर अनेक सुंदर घाट बने हैं। ये सभी घाट किसी न किसी पौराणिक या धार्मिक कथा से संबंधित हैं। वाराणसी में लगभग 84 घाट हैं। ये घाट लगभग 4 मील लम्बे तट पर बने हुए हैं। वाराणसी के 84 घाटों में पांच घाट बहुत ही पवित्र माने जाते हैं। इन्हें सामूहिक रूप से पंचतीर्थ कहा जाता है। ये हैं असी घाट, दशाश्वमेध घाट, आदिकेशव घाट, पंचगंगा घाट तथा मणिकर्णिका घाट।



**कथा :** शिव महापुराण के अनुसार इस पृथ्वी पर जो कुछ भी दिखाई देता है, वह सच्चिदानन्दस्वरूप, निर्गुण, निर्विकार तथा सनातन ब्रह्मस्वरूप ही है। अपने कैवल्य (अकेला) भाव में रमण करने वाले अद्वितीय परमात्मा में जब एक से दो बनने की इच्छा हुई, तो वही सगुणरूप में 'शिव' कहलाने लगा। शिव ही पुरुष और स्त्री, इन दो हिस्सों में प्रकट हुए और उस पुरुष भाग को शिव तथा स्त्रीभाग को 'शक्ति' कहा गया। उन्हीं सच्चिदानन्दस्वरूप शिव और शक्ति ने अदृश्य रहते हुए स्वभाववश प्रकृति और पुरुषरूपी चेतन की सृष्टि की। प्रकृति और पुरुष सृष्टिकर्त्ता अपने माता-पिता को न देखते हुए संशय में पड़ गए। उस समय उन्हें निर्गुण ब्रह्म की आकाशवाणी सुनाई पड़ी- 'तुम दोनों को तपस्या करनी चाहिए, जिससे कि बाद में उत्तम सृष्टि का विस्तार होगा।' उसके बाद भगवान शिव ने तप:स्थली के रूप में तेजोमय पांच कोस के शुभ और सुंदर एक नगर का निर्माण किया, जो उनका ही साक्षात रूप था। उसके बाद उन्होंने उस नगर को प्रकृति और पुरुष के पास भेजा, जो उनके समीप पहुंच कर आकाश में ही स्थित हो गया। तब उस पुरुष (श्री हरि) ने उस नगर में भगवान शिव का ध्यान करते हुए सृष्टि की कामना से वर्षों तपस्या की। तपस्या में श्रम होने के कारण श्री हरि (पुरुष) के शरीर से श्वेतजल की अनेक धाराएं फूट पड़ीं, जिनसे सम्पूर्ण आकाश भर गया। वहां उसके अतिरिक्त कुछ भी दिखाई नहीं देता था। उसके बाद भगवान विष्णु (श्री हरि) मन ही मन विचार करने लगे कि यह कैसी विचित्र वस्तु दिखाई देती है। उस आश्चर्यमय दृश्य को देखते हुए जब उन्होंने अपना सिर हिलाया तो उनके एक कान से मणि खिसककर गिर पड़ी। मणि के गिरने से वह स्थान 'मणिकर्णिका तीर्थ' के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

# उत्तरी भारत का प्रसिद्ध तीर्थ कपाल मोचन मेला

उत्तरी भारत का प्रसिद्ध तीर्थ कपाल मोचन मेला विभिन्न धर्मों, जातियों की एकता और भाईचारे का प्रतीक है। ग्रंथों में इस स्थान को महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास की तप व कर्म स्थली के नाम से जाना जाता है। इसके दक्षिण में ब्यासपुर है जिसे अब बिलासपुर के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही पश्चिम दिशा में सरस्वती नदी प्रवाहित होती है। मान्यता है कि इसी स्थान पर बैठकर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत महाकाव्य की रचना की थी। कपाल मोचन से उत्तर की दिशा में शिवालिक की पहाड़ियों से सरस्वती नदी का उद्गम स्थल आदिबद्री है। यहां केदारनाथ और माता मंत्रा देवी का मंदिर है। कपाल मोचन मेले में आने वाले श्रद्धालु आदिबद्री, केदारनाथ और माता मंत्रा देवी के दर्शनों के लिए भी जाते हैं।



यह स्थान आस्था के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी काफी मनोरम है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

कपाल मोचन सरोवर की महत्ता- महाभारत और वामन पुराण में उल्लेख है कि कपाल मोचन सरोवर का प्राचीन नाम सोमसर एवं औशनस तीर्थ था। पौराणिक कथा के अनुसार ब्राह्मण की हत्या करने के कारण एक बछड़े व उसकी माता गाय को ब्रह्म हत्या का पाप लग गया था, जिससे गाय-बछड़े दोनों का रंग काला पड़ गया। गाय-बछड़े ने कपाल मोचन में स्नान किया और पाप मुक्त हो गए। पुनः दोनों का रंग सफेद हो गया। यह कथा भगवान शंकर ने इस सरोवर के पास बसे एक ब्राह्मण के घर रात को इसी गाय व बछड़े से सुनी।

भगवान शंकर को भी ब्रह्म हत्या का दोष लगा हुआ था और मुक्ति के लिए विभिन्न धामों की यात्रा कर रहे थे। शंकर भगवान ने कपाल मोचन में स्नान करके ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति पाई। इस स्थान पर भगवान राम और भगवान कृष्ण के आने की भी मान्यता है। गुरु नानक देव जी भी यहां पधारे थे, वहीं गुरु गोबिंद सिंह भी दो बार यहां पर आए थे। सभी ने यहां के पवित्र सरोवरों में स्नान किया था। इसी सरोवर के निकट गुरु गोबिंद सिंह ने माता चंडी की मूर्ति की स्थापना की थी। गऊ-बछड़े की पत्थर की मूर्ति यहां विद्यमान हैं।

**ऋण मोचन सरोवर-** कपाल मोचन के बाद श्रद्धालु ऋण मोचन में स्नान करते हैं। मान्यता है कि इस सरोवर में स्नान करने से ऋणों से मुक्ति मिलती है। कहा जाता है कि महाभारत के युद्ध के बाद धर्मराज युधिष्ठिर व भगवान कृष्ण ने ब्यासपुर में कपाल मोचन सरोवर के नजदीक खुदाई की तो अमृत जल की धारा निकली। यहीं भगवान श्री कृष्ण ने पांडवों के साथ ठहरकर यज्ञ किया, पांडवों के पूर्वजों का पिंड दान करवाया। उनके पितृ ऋण से मुक्त होने के कारण इस सरोवर का नाम ऋण मोचन प्रसिद्ध हो गया। मान्यता है कि त्रेता युग में रावण वध के बाद भगवान रामचंद्र भी यहां आए थे। गुरु गोबिन्द सिंह भी यहां दो बार आए थे और यहां 52 दिन रहकर पूजा-अर्चना की थी। युद्ध के बाद यहां अपने अस्त्र-शस्त्र धोए थे।

**सूरज कुंड सरोवर-** इस सरोवर के साथ भी अनेक दंत कथाएं जुड़ी हैं, जिनके अनुसार भगवान श्री रामचंद्र रावण का वध करने के बाद माता सीता और भाई लक्ष्मण व हनुमान जी सहित पुष्पक विमान द्वारा कपाल मोचन सरोवर में स्नान करके ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्त हुए। यहां पर भगवान राम ने एक कुंड का निर्माण किया जिसे सूरज कुंड के नाम से जाना जाने लगा। जनश्रुति के अनुसार इस पवित्र स्थान पर माता कुंती ने सूर्य देव की तपस्या की थी।

# श्रीनगर स्थित कमलेश्वर मंदिर पौराणिक मंदिरों में से एक

देव उठनी एकादशी पर भगवान विष्णु जागते हैं। जिसके बाद वह अपने आराध्य देव भगवान शिव की भक्ति में लीन हो जाते हैं। बैकुंठ चतुर्दशी के दिन जो भी व्यक्ति भगवान विष्णु की एक हजार कमलों से पूजा करता है, उसे बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। उत्तराखंड के गढ़वाल अंचल में श्रीनगर में बैकुंठ चतुर्दशी का मेला प्रतिवर्ष लगता है। विभिन्न पर्वों की भांति बैकुंठ चतुर्दशी वर्ष भर में पड़ने वाला हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। इस बार यह मेला 25 नवंबर को था। इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। गढ़वाल जनपद के प्रसिद्ध शिवालयों,



श्रीनगर में कमलेश्वर तथा थलीसैण में बिनसर शिवालय में इस पर्व पर अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं तथा इस पर्व को आराधना व मनोकामना पूर्ति का मुख्य पर्व मानते हैं। श्रीनगर स्थित कमलेश्वर मंदिर पौराणिक मंदिरों में से एक है। इसकी धार्मिक महत्ता है, किंवदंती है कि यह स्थान देवताओं की नगरी भी रहा है। इस शिवालय में भगवान विष्णु ने तपस्या कर सुदर्शन चक्र प्राप्त किया, तो श्री राम ने रावण वध के उपरांत ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति हेतु कामना अर्पण कर शिव जी को प्रसन्न किया व पापमुक्त हुए। स्पष्ट है कि इस स्थान की प्राचीन महत्ता के कारण कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चौदहवीं तिथि को भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र प्राप्ति का पर्व माना गया है। इसे उपलब्धि का प्रतीक मानकर आज भी श्रद्धालु पुत्र प्राप्ति की कामना से प्रतिवर्ष इस पर्व पर रात्रि में साधना करने हेतु मंदिर में आते हैं। तो अनेक श्रद्धालु दर्शन व मोक्ष के भाव से इस मंदिर में आते हैं। जिससे गढ़वाल क्षेत्र में यह मेला धार्मिक मेले का रूप ले चुका है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि-** श्रीनगर प्राचीन काल में श्री क्षेत्र कहलाता था। त्रेता युग में रावण का वध कर रामचंद्र जी द्वारा यहां पर 108 कमल प्रतिदिन एक माह तक भगवान शिव को अर्पण किए जाने का वर्णन मिलता है। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की त्रिपुरोत्सव पूर्णमासी को जब विष्णु भगवान ने सहस्र कमल पुष्पों से अर्चनाकर शिव को प्रसन्न कर सुदर्शन चक्र प्राप्त किया था, उस आधार पर बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर पुत्र प्राप्ति की कामना हेतु दंपति रात्रि को हाथ में दीपक धारण कर भगवान शंकर को फल प्राप्ति हेतु प्रसन्न करते हैं। शास्त्रों के अनुसार बैकुंठ चतुर्दशी के दिन शरीर का त्याग करने वाले व्यक्ति को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति इस पूरे विधि विधान से भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा करता है। उसके सभी पाप कट जाते हैं। प्रतिवर्ष बैकुंठ चतुर्दशी पर्व से लगभग 5-6 दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक लोकेश सूद द्वारा 109/6, लोअर बाजार, शिमला से प्रकाशित तथा भारतेंदु ऑफसैट प्रिंटिंग प्रैस, औद्योगिक क्षेत्र, ख्वारा चौकी, शोघी, शिमला-173219 से मुद्रित। व्यवस्थापक सीमा सूद।
सम्पादकीय कार्यालय एवं फैक्स : 2808285
आर.एन.आई.नं. एचपीएचआईएन/ 2000/2437
पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं. एच पी/68/एस एम एल
bhartendushikhar20@yahoo.com

## देश-विदेश

### हम चीनी हैं, पीछे नहीं हटेंगे, अमरीका के टैरिफ के आगे चीन ने झुकने से किया इनकार

**बीजिंग :** चीन ने अमरीका की ओर से लगाए जा रहे जवाबी कर के मामले में झुकने से एक बार फिर इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, चीन पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कोरियाई युद्ध के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता माओ त्से तुंग का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में माओ अमरीका से कह रहे हैं, चाहे यह युद्ध कितना भी लंबा क्यों न चले, हम कभी झुकेंगे नहीं। माओ निंग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हम चीनी हैं, हम उकसावे से नहीं डरते और हम पीछे नहीं हटेंगे।

### माओवादियों ने फिर रखा शांति प्रस्ताव, सरकार ने दिया यह जवाब

**बस्तर :** छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने एक बार फिर राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी :भाकपा: (माओवादी) की उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया, हम वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए पहले अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शांति वार्ता के लिए सुरक्षाबलों की कार्रवाई रुकनी चाहिए। वार्ता एकपक्षीय न होकर, दोतरफा होनी चाहिए। प्रेस नोट के मुताबिक, हाल में ही उनकी केंद्रीय कमेटी ने भी सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि वे शांति वार्ता के लिए स्थानीय नेताओं से मिलना चाहते हैं। उनकी राय लेना चाहते हैं। भाकपा (माओवादी) ने कहा, पुलिस जवानों को हम दुश्मन नहीं मानते हैं। उन्हें हम जनता का रक्षक मानते हैं।

### ट्रांसशिपमेंट रद्द करने से बांग्लादेश में हड़कंप, वाणिज्य मंत्रालय ने की आपात बैठक

**ढाका :** चीन के साथ मिलकर भारत को आंख दिखाना बांग्लादेश को भारी पड़ गया है। भारत ने बांग्लादेश को उसकी हरकते के लिए बड़ा जवाब दिया है। दरअसल भारत ने बांग्लादेश की ओर से अपनी ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस ले ली है। भारत के इस फैसले से बांग्लादेश में हड़कंप मच गया है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने ढाका में एक आपात बैठक की है। भारत की ओर से मिलने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधा के तहत बांग्लादेश अपने माल को नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों को भारतीय मार्गों के जरिए निर्यात कर सकता था।

# राज्यपाल ने विशेष ओलंपिक रजत पदक विजेता हर्षिता ठाकुर को सम्मानित किया

**भारतेन्दु संवाददाता**

**शिमला :** इटली में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत के लिए स्नोबोर्डिंग में रजत पदक जीतने वाली शिमला की हर्षिता ठाकुर ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने हर्षिता को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हर्षिता की कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प ने केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। राज्यपाल ने कहा कि हर्षिता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत



बनकर उभरी हैं। उनकी कड़ी मेहनत ने साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता। हर्षिता इसी भावना का एक जीवंत उदाहरण है।

हर्षिता ने राज्यपाल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी भेंट के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से भेंट उनके लिए एक यादगार और प्रेरणादायक क्षण है। राज्यपाल ने हर्षिता को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वह आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी। हर्षिता ठाकुर के पिता सोहन लाल और माता सरिता ठाकुर भी इस अवसर पर मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के आदर्श हैं प्रेम कुमार धूमल

**भटेहड़बासा :** हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ व सबसे लोकप्रिय नेता जननायक प्रेम कुमार धूमल का गुरुवार को जन्मदिवस था। उनके जन्मदिवस के मौके पर प्रदेश भर से भाजपा नेताओं की बधाइयों का तांता लगा रहा। अपने प्रिय नेता प्रेम कुमार धूमल के जन्मदिवस पर गुरुवार को देहरा भजपा कार्यकर्ताओं ने बगलामुखी माता मंदिर बनखंडी में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डा. सुकृत सागर के नेतृत्व में हवन करवा कर धूमल के स्वस्थ दीर्घायु की कामना की। ताकि भाजपा कार्यकर्ताओं को उनकी प्रेरणा लंबे समय तक मिलती रहे। साथ ही भाजपा कार्यकताऔ ने बानखण्डी बाज़ार में सफाई अभियान चला कर धूमल के जन्मदिवस पर स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डा. सुकृत सागर ने कहा की आज का दिन हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है।

# हिमाचल सरकार ने पीडीएस लाभार्थियों की ई-केवाईसी शुरू की

**भारतेन्दु संवाददाता**

**शिमला :** भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार ने राशन वितरण में ग्राहक पहचान सत्यापन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने, इसमें वृद्धि करने और पारदर्शिता लाने के लिए पीडीएस लाभार्थियों की ई-केवाईसी शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के बाद केवल पात्र लाभार्थियों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस संबंध में, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने पहले ही फील्ड अधिकारियों को लाभार्थियों की 100 प्रतिशत ई-केवाईसी की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी दी है कि पीडीएस लाभार्थियों की सुविधा के लिए विभाग ने आधार आधारित फिंगर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके राज्य में किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई-पीओएस के माध्यम से ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का प्रावधान किया है। इसके अलावा, वेब एप्लीकेशन के माध्यम से राज्य या देश में कहीं भी लोकमित्र केंद्र पर जाकर आधार आधारित फिंगर प्रिंट अथवा आईआरआईएस बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके, या स्वयं एंड्रायड आधारित मोबाइल एप्लीकेशन ईकेवाईसी पीडीएस एचपी के माध्यम से आधार आधारित फेस बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग कर ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का प्रावधान किया है।

# हरिपुर में चिट्टे के साथ पकड़े तीन लोग

**भारतेन्दु संवाददाता**

**देहरा गोपीपुर हरिपुर :** पुलिस जिला देहरा के तहत पुलिस स्टेशन हरिपुर की टीम ने आठ ग्राम चिट्टे के साथ तीन लोगों को दबोचा है। आरोपियों की पहचान बलविंदर सिंह पुत्र महिंदर सिंह निवासी पनोलंगा कपूरथला पंजाब मोहन सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी संत नगर बटाला पंजाब और जरनैल सिंह पुत्र केशव दास निवासी टसौली ज्वाली जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों आरोपी हरिपुर मेले में दुकान लगाने पहुंचे थे। देर रात 12 बजे के बाद तहसील आफिस के बाहर बेंच पर बैठे थे।

उसी वक्त हरिपुर पुलिस स्टेशन की गश्त पर निकली टीम गाड़ी में आई। पुलिस की गाड़ी देख तीनों घबरा रहे, जिस पर पुलिस टीम को उन पर शक हुआ। पुलिस टीम ने जब तलाशी ली, तो 8 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इस दौरान मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनजीत मनकोटिया व एएसआई चमन लाल हेड कांस्टेबल पवन मौजूद थे। पुलिस स्टेशन हरिपुर में मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

Mehru Halwai



100% Desi Ghee Products
99/100, Lower Bazar, Shimla-171001